# सेहत से खिलवाड: नकली मावा और कलाकंद बनाते पकड़ा

ढाई क्विंटल सिंथेटिक कलाकंद, नकली दूध, सोयाबीन तेल आदि जब्त

January, 09 • 02:02 AM



सेहत से खिलवाड: नकली मावा और कलाकंद बनाते पकड़ा

अलवर/तिजारा. तिजारा थाना पुलिस ने नकली मावा एवं कलाकंद बनाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जितेंद्र नावरिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नकली सिंथेटिक कलाकंद बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए टीम गठित कर एसआई दारासिंह मय जाब्ता गांव डोटाना में बरकत पुत्र अलादीन निवासी डोटाना के मकान पर पहुंचे। जहां चलती भट्टी पर एक जना सिंथेटिक कलाकंद बनाते मिला, जिसे जाब्ते की मदद से घेरा देकर पकड़ा और उसने अपना नाम बरकत पुत्र अलादीन निवासी डोटाना थाना तिजारा जिला अलवर होना बताया। उससे मावा के निर्माण बाबत वैध लाइसेंस या परमिशन के लिए पूछा गया तो नहीं होना बताया। पुलिस के अनुसार मौके पर तैयार सिंथेटिक कलाकंद पड़ा था।

मौके से तैयारशुदा सिंथेटिक कलाकंद करीब 250 किलो, एक विद्युत तौल कांटा, सोयाबीन तेल के ७ पीपे, एक कट्टे करीब 70 किलो चीनी, एक किलो सफोलाइट बंद पैकेट, सूजी का बंद व एक खुला कट्टा दोनों का वजन करीब 70 किलो, आधा ड्रम ग्लुकोज, करीब 5 किलो फिटकरी व करीब 50 किलो मिल्क पाउडर को पुलिस ने जब्त किया। मौके पर तैयार करीब 200 लीटर नकली दूध भी मिला, जो उपयोग योग्य नहीं था। करीब 2 लीटर का नमूना लेकर बाकी नकली दूध को वहीं पर नष्ट किया गया।

पुलिस ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जो सामग्री काम में लेकर मिल्क केक बनाया जा रहा है, उसे लंबे समय तक उपयोग करने से किसी सामान्य व्यक्ति की मृत्यु या लाइलाज बीमारियां भी हो सकती है। फिर भी सिथेंटिक मावे का निर्माण किया जा रहा है। नकली दूध से सिथेंटिक कलाकंद तैयार करना व नकली दूध से तैयार सिंथेटिंक कलाकंद को असली के रूप में बताकर आमजन को बेचकर धोखाधड़ी पूर्वक मुनाफा कमाना अपराध की श्रेणी में माना जाता है।

इन चीजों से बनाया जा रहा है

सिथेंटिक कलाकंद सूजी, सोयाबीन तेल, दूध पाउडर, ग्लुकोज लिक्विड, फिटकरी, चीनी एवं रासायनिक पदार्थ सेफोलाइट जिसके पैकेट पर ओनली फोर इंडस्ट्रियल यूज लिखा है जैसी सामग्री से मिल्ककेक बनाया जा रहा था। अखाद्य सामग्रियों के मिश्रण से तैयार मिल्क केक में किसी प्रकार के प्राकृतिक दूध का उपयोग नहीं लिया जा रहा था। थानाधिकारी जितेन्द्र नावरिया के अनुसार दिसंबर मे भी सिथेंटिक दूध से नकली मावा बनाने पर 5 अलग-अलग ग्राम डोटाना में 5 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस ने बरकत पुत्र अलादीन निवासी डोटाना थाना तिजारा को गिरफ्तार किया है ।

**Source:** https://www.patrika.com/alwar-news/play-with-health-caught-making-fake-mawa-and-kalakand-5617747/